>

Title: Need to set up AIIMS hospital in Bhadohi Parliamentary Constituency of Uttar Pradesh.

श्री गोरखनाथ पाण्डेय (भदोही): सभापति जी, मैं आपका आभारी हूं कि आपने अत्यंत महत्वपूर्ण विषय पर मुझे बोलने का अवसर दिया। महोदय, एम्स की मांग पूर्वांचल, उत्तर प्रदेश के भदोही लोकसभा क्षेत्र, जहां से मैं चुनकर आता हूं, काशी और प्रयाग के मध्य में स्थित है। महोदय, प्रयाग का कुंभ मेला कल ही समाप्त हुआ। लगभग तीन करोड़ लोग एक ही दिन में स्नान किए। लगभग पचास करोड़ लोग इस कुंभ में आये और कल्पवास किये। वहां वर्षों से एम्स की मांग चल रही है। दूसरी तरफ, मेरा लोक सभा क्षेत्र भदोही ग्रामीण अंचल में है, जो प्रयाग और काशी के बीच में है। प्रयाग एक बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान है। उसी के साथ काशी भी धार्मिक, ऐतिहासिक, पौराणिक स्थल है, जहां वर्षों से एम्स की मांग चल रही है।

महोदय, देश की सबसे अधिक आबादी वाला, 17 करोड़ आबादी वाला उत्तर प्रदेश राज्य, जिसने इस देश को आठ प्रधानमंत्री दिए, पंडित जवाहर लाल नेहरू, लाल बहादुर शास्त्री, इंदिरा गांधी, चौधरी चरण सिंह, राजीव गांधी, वीपी सिंह, चंद्रशेखर जी, अटल बिहारी वाजपेयी जी। उत्तर प्रदेश में एक एम्स खोलना घोषित किया, वह भी रायबरेली में। लखनऊ में एम्स है, इसलिए वहां इसकी बहुत उपयोगिता ज्यादा नहीं है। मैं इसका विरोध नहीं कर रहा हूं, लेकिन इतने बड़े प्रदेश में, जहां से अस्सी लोक सभा सदस्य चुनकर आते हैं, जो सरकार के गठन में निर्णायक भूमिका निभाते हैं। पूर्वांचल उत्तर प्रदेश का बहुत बड़ा भाग है।...(व्यवधान) मैं मांग करता हूं ...(व्यवधान) इसमें मेरा कोई विरोध नहीं है। ...(व्यवधान) आप मेरी बात सुनिए। ...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Please address the Chair. What do you want? You tell me that.

श्री गोरखनाथ पाण्डेय : महोदय, मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं। माननीय मंत्री जी सदन में उपस्थित हैं। इलाहाबाद देश की बहुत ही महत्वपूर्ण स्थली है। भदोही लोकसभा क्षेत्र, जहां से मैं चुनकर आता हूं, एम्स की स्थापना के लिए राष्ट्रीय मार्ग जी.टी. रोड हंडिया तहसील में उपरदहा एक गांव है। वहां 163 हेक्टेयर जमीन का प्रस्ताव एम्स बनाने हेतु जिला स्तर से प्रदेश सरकार को भेजा गया है, कृपया वहां एम्स देने हेतु आवश्यक कार्यवाही करें। ...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: You are allowed to raise only one matter.

Next is Shri P. Viswanathan.

...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Nothing will go on record.

(Interruptions) â€¦ *